पत्र सूचना कार्यालय
भारत सरकार
जयपुर

समाचार पत्र का नामः समाचार जगत — भाषा : हिन्दी

प्रकाशन स्थल : जयपुर — दिनांकः – 06–2017

देश भर में खोले जाएंगे सौ योगा पार्क : नाईक

नई दिल्ली (वार्ता)। योग को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार देश भर में सौ योग पार्क खोलेगी। आयुष मंत्री श्रीपद यशो नाईक यहां नेशनल हेल्थ एडिटर कांफ्रेंस के उद्घाटन पर कहा कि इन पार्कों में साल भर योग गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। इनका प्रबंधन स्वयं सेवी योगा संगठनों और अन्य संस्थाओं द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर नाईक ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रोटोकॉल भी जारी किया। उन्होंने बताया कि मुख्य आयोजन लखनऊ में होगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कई केन्द्रीय मंत्री तथा योग गुरू हिस्सा लेंगे। इस आयोजन में करीब 51 हजार लोगों के योग सत्र में भाग लेने की संभावना हैं।

नाईक ने बताया कि योग दिवस में दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर योग सत्र आयोजित किये जायेंगे। इनमें शिक्षा, स्थानों, व्यापारिक संगठनों और गैर सरकारी संस्थाओं को शामिल किया जोगा। उन्होंने बताया कि विदेशों में भारतीय दूतावासों और उच्चायोगों में भी योग कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।